
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDJK1 User: cci Time: 04-02-2026 22:13 Color:

नोएडा/गाजियाबाद> शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 > चैत्र 13, शक संवत 1948, वैशाख कृष्ण प्रतिपदा/द्वितीया , विक्रम 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 78 > पेज 18* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू


# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



ईरान को 'पाषाण युग' में पहुंचाने की ट्रंप ने दी धमकी

▶देखें अंदर



जंग से प्रभावित सेक्टरों के लिए जल्द आ सकता है राहत पैकेज

▶देखें अंदर




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-04-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: cci Time: 04-02-2026 21:55 Color:






# 3 दिन से लापता लड़के का शव कुएं में मिला

■ NBT न्यूज, बुलंदशहर

**अहमदगढ़ थाना** क्षेत्र के गांव छोटा बांस से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोर अनमोल का शव गुरुवार को एक पुराने कुएं से बरामद हुआ है। अनमोल 29 मार्च की रात एक फोन कॉल आने के बाद घर से निकला था और तब से लापता था। इसके बाद परिजनों ने अहमदगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गांव के पास पुराने कुएं से दुर्गंध उठने पर ग्रामीणों को शक हुआ तो पुलिस को सूचना दी गई।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह और एसपी ग्रामीण डॉ. तेजवीर सिंह सहित आला अधिकारी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। कुएं की गहराई अधिक और पुराना होने के कारण दमकल की टीम बुलाई गई। फायर ब्रिगेड की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान अनमोल निवासी छोटा बांस के रूप में हुई। वह 11वीं कक्षा का छात्र था। शव की स्थिति देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

**दमकल की टीम की मदद से शव बाहर निकाला**

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसएसपी ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह के नेतृत्व में पांच टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बेटे पर लगाया जमीन कब्जाने का आरोप

■ NBT न्यूज, हापुड़: बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलौता निवासी बुजुर्ग महिला ममकौर ने बेटे पर एक बीघा जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए डीएम से न्याय की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग को जमीन पर कब्जा दिलवाया।

**डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश, दिलवाया कब्जा**


पीड़िता ममकौर ने बताया कि उनके बेटे अमरजीत ने ही उनकी पुश्तैनी करीब एक बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। मां ने आरोप लगाया कि कई बार कहने के बावजूद बेटा जमीन खाली नहीं कर रहा था। डीएम अभिषेक पांडेय ने सदर एसडीएम इला प्रकाश को फोन कर मौके पर जाकर जमीन को कब्जामुक्त कराने के आदेश दिए। इसके बाद एसडीएम इला प्रकाश बाबूगढ़ थाना पुलिस बल के साथ गांव बछलौता पहुंचीं और मौके पर जांच की।


## नकली अरलडाइट के 26 पैकेट बरामद

■ NBT न्यूज, हापुड़: हापुड़ क्षेत्र स्थित एक दुकान पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने नकली अरलडाइट के 26 पैकेट बरामद कर दुकानदार पर कंपनी की तरफ से एफआईआर दर्ज करवाई गई है। स्पीड सर्च एंड सिक्योरिटी नेटवर्क कंपनी में फील्ड मैनेजर ललित कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी को पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से अधिकृत किया गया है, ताकि बाजार में कंपनी के उत्पादों की नकली बिक्री या सप्लाई की जानकारी मिल सके।

**दुकानदार पर कंपनी की तरफ से FIR दर्ज करवाई गई**

नगर क्षेत्र में सर्वे के दौरान सूचना मिली कि बुलंदशहर रोड दिल्ली गेट स्थित एचआर चौधरी टाइल्स सैनिटरी स्टोर में कंपनी का नकली माल बेचा जा रहा है। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दुकान की जांच की गई। पुलिस टीम ने दुकान की तलाशी ली तो वहां से नकली माल बरामद हुआ।







**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in